प्रेषक,

सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी,
पंचास्थानि चुनावालय,
हरिद्वार।

सेवा में,

सचिव,
राज्य निर्वाचन आयोग,
उत्तराखण्ड।

पत्रांक 49 /पं0चु0/स्थापना/2026–27 दिनांक 04 मई, 2026

विषयः– **लोक सेवकों के लिये वार्षिक स्थानान्तरण अधिनियम–2017 (स्थानान्तरण सत्र 2025–26 में ) के अनुपालन में अग्रमि कार्यवाही किये जाने हेतु सूचना उपलब्ध कराये जाने के संबंध में।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तराखण्ड़ देहरादून के पत्र संख्या–74/रा0नि0आ0–1/2408/2018 दिनांक–23 अप्रैल, 2026 में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में अवगत कराना है कि स्थानान्तरण अधिनियम–2017 में 55 वर्ष से अधिक वरिष्ठ कार्मिकों को छूट प्रदान की गयी है, महोदय इस जनपद में प्रार्थी मात्र एक ही नियमित कार्मिक है मेरी आयु 57 वर्ष पूर्ण हो चुकी है और जनपद हरिद्वार में ही रहना चाहता हुँ।

अतः सूचना महोदय, की सेवा में प्रेषित है।

भवदीय,

(आर0आर0 थपलियाल)
सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी
पंचास्थानि चुनावालय
हरिद्वार।

AC
05/5/26
DC

प्रतिलिपि–

1– जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी (पं0) हरिद्वार।
2– मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी पंचास्थानि चुनावालय हरिद्वार।

सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी
पंचास्थानि चुनावालय
हरिद्वार।

अनु-1
05.05.2026
(राज कुमार वर्मा)
सहायक आयुक्त
राज्य निर्वाचन आयोग
उत्तराखण्ड

(7)

सेवा में,

सचिव,
राज्य निर्वाचन आयोग,
उत्तराखण्ड,देहरादून।

**विषय– स्थानान्तरण संबंधी आवेदन पत्र।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक राज्य निर्वाचन आयोग,उत्तराखण्ड के पत्र संख्या–74, दिनांक–23–04–2026 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें,जिसके द्वारा लोक सेवकों के लिये वार्षिक स्थानान्तरण किये जाने हेतु विकल्प चाहे गये है।

उक्त के संबंध में महोदय को अवगत कराना है कि प्रार्थिनी के सास–ससुर वृद्ध होने के कारण प्रार्थिनी को ही सास–ससुर की देखभाल करनी पड़ती है। अतः महोदय से विनम्र अनुरोध है कि प्रार्थिनी को ऊधमसिंहनगर में ही रहने दिया जाये,जिससे प्रार्थिनी अपने परिवार के साथ–साथ अपने कार्यालय के कार्यो को ठीक प्रकार से कर सके।

भवदीय,

Mamta Joshi

ममता जोशी
वरिष्ठ सहायक,
पंचास्थानि चुनावालय,
ऊधमसिंहनगर।

AC
08.05.26

(प्रभात कुमार सिंह)
उपायुक्त
राज्य निर्वाचन आयोग,
उत्तराखण्ड, देहरादून

अनु–1

05.05.2026
(राज कुमार वर्मा)
अनुभाग अधिकारी
राज्य निर्वाचन आयोग
उत्तराखण्ड

97
07.05.26

39/अ0प्र0/26
7/5/26

सेवा में,

मा0 राज्य निर्वाचन आयुक्त, महोदय
राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तराखण्ड।

**विषय** **स्थानान्तरण हेतु अनुरोध किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

निवेदन इस प्रकार है कि प्रार्थी कार्यालय पंचास्थानि चुनावालय, पौडी गढवाल में वरिष्ठ सहायक के पद पर है। महोदय प्रार्थी का स्थानान्तरण जनपद हरिद्वार से माह जुलाई 2017 में पंचास्थानि चुनावाल पौडी गढवाल में किया गया था। प्रार्थी को कार्यालय पंचास्थानि चुनावालय, पौडी गढवाल में लगभग 09 वर्ष का समय हो चुका है।

महोदय कृपया अवगत कराना है कि प्रार्थी की दोनों किडनियां खराब होने के कारण दिनांक 02 मार्च, 2025 से सी0एम0आई0 अस्पताल देहरादून में किडनी का ईलाज चल रहा है, जिसमें प्रार्थी को सप्ताह में दो दिन बुधवार व शनिवार को डॉयलिसस हेतु अस्पताल में जाना पडता है।

उक्त सम्बन्ध में महोदय से अनुरोध करना है कि प्रार्थी को अपनी किडनी का ईलाज एवं चिकित्सक द्वारा दिये गये परामर्श को दृष्टिगत रखते हुये, प्रार्थी को जनपद पौडी गढ़वाल से जनपद देहरादून पंचास्थानि चुनावालय में स्थानान्तरण करने का कष्ट करें। ताकि प्रार्थी अपनी बिमारी का सावधानी पूर्वक सी0एम0आई0 अस्पताल देहरादून से ईलाज व अन्य उपचार करा सके। महोदय वर्तमान में पंचास्थानि चुनावालय देहरादून में नियमित एक वरिष्ठ सहायक ही कार्यरत है। महोदय प्रार्थी की बिमारी की परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए मेरा स्थानान्तरण जनपद पौडी गढवाल से जनपद देहरादून में करने का कष्ट करें, जिसका प्रार्थी व उसका परिवार आपका आजीवन आभारी रहेगा।

<u>**संलग्नक– प्रार्थी की स्वास्थ्य सम्बन्धि रिपोर्ट।**</u>

प्रार्थी,
Manish 7/5/26
(मनीष तिवाडी)
वरिष्ठ सहायक,
पंचास्थानि चुनावालय,
पौडी गढवाल देहरादून।

7-5-26
**(सुशील कुमार)**
**राज्य निर्वाचन आयुक्त**
**उत्तराखण्ड**

AC
07/5/26
DC

अनु-1

DC

07.05.2026
(राज कुमार वर्मा)
सहायक आयुक्त
राज्य निर्वाचन आयोग
उत्तराखण्ड

7/5
सचिव
राज्य निर्वाचन आयोग,
उत्तराखण्ड

773
04/5/26

AC
04/5
सचिव
राज्य निर्वाचन आयोग,
उत्तराखण्ड

सेवा में,

सचिव,
राज्य निर्वाचन आयोग
उत्तराखण्ड देहरादून।

**विषय : स्थानान्तरण न चाहने के संबंध में।**

महोदय,

राज्य निर्वाचन आयोग के पत्र संख्या 74/रा0नि0आ0–1/2408/2018 दिनांक 23 अप्रैल 2026 के द्वारा लोक सेवकों के लिए वार्षिक स्थानान्तरण अधिनियम–2017 के निमय–12 व 13 में उल्लिखित प्राविधानानुसार अनिवार्य स्थानान्तण एवं अनुरोध के आधार पर स्थानान्तरण हेतु 10 विकल्प उपलब्ध कराये जाने के निर्देश प्राप्त हुये है उक्त के अनुपालन में निवेदन है कि मेरे पिताजी की उम्र 89 वर्ष है, जो कि विगत 6 वर्षो से केन्सर की गम्भीर बीमारी से ग्रसित है। मेरी माताजी की उम्र 81 वर्ष है जो कि केन्सर की बीमारी के साथ–साथ लकवा ग्रस्त एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ है। माताजी एवं पिताजी दोनो का स्वास्थ्य खराब होने के कारण उन्हे देखभाल की अति आवश्यकता है। महोदय, मेरा स्थानान्तरण पंचास्थानि चुनावालय रूद्रप्रयाग से पंचास्थानि चुनावालय पौडी मार्च 2025 में किया गया है, जिसके अनुपालन में मेरे द्वारा पंचास्थानि चुनावालय पौडी में कार्यभार ग्रहण कर लिया गया था। महोदय मैं दुर्गम क्षेत्र में ही सेवा करना चाहता हूँ।

अतः महोदय से अनुरोध है कि मेरी पारिवारिक परिस्थिति को देखते हुए मुझे पंचास्थानि चुनावालय पौड़ी में ही कार्यरत रहने दिया जाय।

भवदीय

ललित मोहन गोदियाल
वरिष्ठ सहायक
पंचास्थानि चुनावालय
पौड़ी गढ़वाल।

अनु-1
04.05.2026
A.C.

(5)

133
15.05.2026

AC

सचिव
राज्य निर्वाचन आयोग,
उत्तराखण्ड

सेवा में,

सचिव,
राज्य निर्वाचन आयोग
उत्तराखण्ड–देहरादून।

महोदय,

कृपया राज्य निर्वाचन आयोग के पत्रांक–74 दिनांक 23.04.2026 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करे, जिसके द्वारा अवगत कराया गया है कि दुर्गम एवं सुगम जनपदों का निर्धारण करते हुए लोक सेवकों के लिये वार्षिक स्थानान्तरण अधिनियम–2017 के नियम–12 व 13 में उल्लिखित प्राविधानानुसार अनिवार्य स्थानान्तरण एवं अनुरोध के आधार पर स्थानान्तरण हेतु 10 विकल्प उपलब्ध कराये जाने है तथा अनुरोध के आधार पर स्थानान्तरण हेतु अनुरोंध करने वाले कार्मिकों द्वारा आवेदन पत्र भी प्रस्तुत किया जाना है। उक्त के क्रम में अवगत कराना है कि प्रार्थिनी की पुत्री की तबीयत अत्यधिक खराब होने के फलस्वरूप स्वयं के अनुरोध पर प्रार्थिनी का स्थानान्तरण आयोग के कार्यालय ज्ञाप संख्या–3042 दिनांक–03.03.2025 द्वारा जनपद, टिहरी गढ़वाल से जनपद देहरादून में किया गया। प्रार्थिनी को जनपद देहरादून आये हुए एक वर्ष ही हुआ है। वर्तमान में भी प्रार्थिनी की पुत्री की तबीयत खराब है, उसको डिप्रेशन एवं एन्जाईटी की समस्या है। उसका इलाज वर्तमान में Thriving Mind, Menal Heath Centre, Race cource,Dehradun में **डा0 अंकिता प्रियदर्शनी, एम0बी0बी0,एम0डी0** से चल रहा है, जहाँ पर उसकी थैरेपी चल रही है, जिसके लिये हर सप्ताह उसे लेकर जाना पड़ता है। पुत्री के समस्त चिकित्सा सम्बन्धी दस्तावेज संलग्न कर इस अनुरोध के साथ प्रेषित हैं कि प्रार्थिनी को किसी अन्य जनपद में स्थानान्तरण न करते हुए देहरादून जनपद में ही रहने दिया जाये, प्रार्थिनी आपकी आभारी रहेगी।

**संलग्न–उपरोक्तानुसार**

प्रार्थिनी

कंवर जीत कौर,
प्र0सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी
पंचास्थानि चुनावालय,
देहरादून।

अनु–1

15.05.2026

(राज कुमार वर्मा)
सहायक आयुक्त
राज्य निर्वाचन आयोग
उत्तराखण्ड

(6)

सेवा में,

सचिव महोदय,
राज्य निर्वाचन आयोग,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

महोदय,

विनम्र निवेदन इस प्रकार है कि उत्तराखण्ड लोक सेवकों के लिये वार्षिक स्थानान्तरण अधिनियम, 2017 में दी गयी व्यवस्था के अन्तर्गत निर्धारित प्रारूप पर 10 विकल्प की सूचना चाही गयी है। चूंकि वर्तमान में राज्य निर्वाचन आयोग में सम्बद्व है।

2– अतएव उक्त संबंध में महोदय को अवगत कराना है कि प्रार्थी जनवरी, 2023 में जनपद हरिद्वार से जनपद टिहरी स्थानान्तरण किया गया था, किन्तु प्रार्थी के गले का कैंसर से ग्रसित होने के कारण प्रार्थी का चिकित्सा उपचार करवाने हेतु अनुरोध के आधार पर माह सितम्बर, 2023 में जनपद देहरादून, पंचास्थानि चुनावालय में स्थानान्तरण किया गया है, वर्तमान समय में प्रार्थी का उपचार जौलीग्रान्ट अस्पताल देहरादून से चल रहा है, **महोदय प्रार्थी की माता भी 76 वर्ष की है, जिन्हे पैरालाईज है जिनको उठा कर अन्दर बाहर लाना ले जाना पड़ता है**, वर्तमान समय में प्रार्थी का रूटिन चिकित्सा उपचार जौलीग्रान्ट अस्पताल से चल रहा है।

**3–उक्त संबंध में उत्तराण्ड लोक सेवकों के लिए वार्षिक हस्तानान्तरण अधिनियम 2017 की धारा 03 (च) में उल्लिखित प्राविधानानुसार** संक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र संलग्न है।

अतः उक्त महोदय से विनम्र अनुरोध है कि प्रार्थी की उक्त गम्भीर स्वास्थ्य संमस्या के दृष्टिगत **उत्तराण्ड लोक सेवकों के लिए वार्षिक हस्तानान्तरण अधिनियम 2017 की धारा 7(घ) में दिये गये प्राविधानों के अन्तर्गत छूट प्रदान करते हुये प्रार्थी** का स्थानान्तरण पंचास्थानि चुनावालय सुगम जनपद हरिद्वार करने का कष्ट करें। चूंकि जनपद हरिद्वार से जौलीग्रान्ट अस्पताल नजदीक है जहां से प्रार्थी अपना रूटिन उपचार करवा सकता है।

संलग्नकः– संक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र।

सादर सहित महोदय की सेवा में प्रेषित

भवदीय,

(जयप्रकाश नौटियाल)
वरिष्ठ सहायक
पंचास्थानि चुनावालय
देहरादून।
सम्बद्व राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तराखण्ड।

Ac

W/14/05
सचिव
राज्य निर्वाचन आयोग,
उत्तराखण्ड

प्रेषक,

सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी,
पंचास्थानि चुनावालय चम्पावत।

सेवा में,

सचिव,
राज्य निर्वाचन आयोग,
उत्तराखण्ड देहरादून।

पत्रांकः– 188 /पं0चु0/वा0स्थाना0अधि0/2026–27 दिनांक 14/05/2026 ।

विषयः– स्थानान्तरण के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक कार्यालय के पत्र संख्या–177/पं0चु0/वा0स्था0अधि0/2026–27 दिनांक 06 मई, 2026 के साथ संलग्न प्रार्थी का आयोग द्वारा निर्धारित स्थानान्तरण का प्रारूप भरकर आयोग को प्रेषित किया गया है। जिसमें श्री जयराम, वरिष्ठ सहायक, पंचास्थानि चुनावालय चम्पावत द्वारा भी प्रारूप भरकर प्रेषित किया गया है।

उक्त संबंध में श्री जयराम, वरिष्ठ सहायक, पंचास्थानि चुनावालय चम्पावत द्वारा पारिवारिक परिस्थितियों व धर्मपत्नी के बीमार रहने आदि का उल्लेख करते हुए जनपद चम्पावत से स्थानान्तरण न करने सम्बन्धी प्रार्थना–पत्र प्रेषित किया है। अवगत कराना है कि प्रार्थी का स्थानान्तरण जनपद–पिथौरागढ़ से जनपद–चम्पावत में माह जून–2025 में किया गया है।

अतः श्री जयराम, वरिष्ठ सहायक, का प्रार्थना–पत्र अग्रिम कार्यवाही हेतु इस आशय के साथ संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है कि संलग्न प्रार्थना–पत्र पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का कष्ट करेंगे।

**संलग्न–उक्तानुसार।**

भवदीय,

14/05/26

सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी,
पंचास्थानि चुनावालय चम्पावत।

अनु–1

15.05.2026

(राज कुमार वर्मा)
सहायक आयुक्त
राज्य निर्वाचन आयोग
उत्तराखण्ड

93
6.5.26

36/आ0प0/26
06/05/2026

अनु-1
07.05.2026
A.C.

सेवा में,

माननीय राज्य निर्वाचन आयुक्त महोदय,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

द्वारा– उचित माध्यम।

<u>विषयः–</u> <u>**जनपद बागेश्वर से जनपद अल्मोड़ा स्थानातरण चाहने के संबंध में।**</u>

महोदय,

निवेदन करना है कि प्रार्थी मधुमेह, हाई ब्लड प्रेशर एवं लीवर संबंधी बिमारी से ग्रसित होने तथा प्रार्थी का लड़का जिसकी उर्म 11 साल है को अस्थमा बिमारी होने के कारण अस्वस्थ रहते हैं। महोदय जनपद बागेश्वर में स्वास्थ्य संबंधी उपचार नहीं मिल पाने के कारण प्रार्थी को अपने एवं लड़के का स्वास्थ्य परीक्षण कराने हेतु हल्द्वानी या अन्यत्र स्थित हॉस्पिटल में हर तीन माह में जाना पड़ता है। महोदय प्रार्थी सन् 2013 से बागेश्वर में कार्यरत है जिससे प्रार्थी की दुर्गम में सेवा 12 वर्ष से अधिक की हो चुकी है। महोदय वरिष्ठ सहायक से सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी पद पर पदोन्नति होने हेतु आयोग स्तर पर कार्यवाही गतिमान है जिस हेतु प्रार्थी की भी पदोन्नति होनी है। महोदय प्रार्थी बागेश्वर का स्थायी निवासी है तथा प्रार्थी के पिताजी 81 वर्ष व माताजी 75 वर्ष के बृद्ध हैं, उनकी भी देखरेख प्रार्थी ही करता है। प्रार्थी के जनपद अल्मोड़ा सेवारत रहने से अपने माता–पिता, लड़के तथा स्वंय की देखभाल भलीभॉति कर सकता है।

अतः महोदय से सादर पूर्वक निवेदन है कि प्रार्थी की उपरोक्त समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए प्रार्थी का स्थानान्तरण जनपद बागेश्वर से जनपद अल्मोड़ा करने की महति कृपा करेंगे, आपके इस उपकार हेतु प्रार्थी महोदय का आजन्म आभारी रहेगा।

सादर पूर्वक।

प्राथी,

(राजेन्द्र प्रसाद पाठक)
वरि0सहा0
कार्यालय पंचास्थानि चुनावालय,
बागेश्वर।

6-5-26

(सुशील कुमार)
राज्य निर्वाचन आयुक्त
उत्तराखण्ड

DC
सचिव
राज्य निर्वाचन आयोग,
उत्तराखण्ड

AC
07/5/26

(प्रभात कुमार [illegible])
उपायुक्त
राज्य निर्वाचन आयोग
उत्तराखण्ड

(७)

72
05/05/26

AC
सचिव
राज्य निर्वाचन आयोग,
उत्तराखण्ड

सेवा में,

सचिव,
राज्य निर्वाचन आयोग,
उत्तराखण्ड–देहरादून।

द्वारा, मुख्य विकास अधिकारी/
प्रभारी अधिकारी,
पंचास्थानि चुनावालय पिथौरागढ।

**विषय :– <u>लोक सेवकों के लिए वार्षिक स्थानान्तरण अधिनियम–2017 के अर्न्तगत स्थानान्तरण के सबंध में अनुरोध पत्र का प्रेषण।</u>**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक राज्य निर्वाचन राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तराखण्ड–देहरादून के पत्र–74/रा0नि0आ0–1/2408/2018 दिनांक, 23.04.2026 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करेंगें, जिसके द्वारा लोक सेवकों के लिये वार्षिक स्थानान्तरण अधिनियम–2017 के नियम–12 व 13 में उल्लिखित प्राविधानानुसार अनिवार्य स्थानान्तरण एवं अनुरोध के आधार पर स्थानान्तरण हेतु 10 विकल्प एवं अनुरोध के आधार पर स्थानान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किये जाने के निर्देश प्राप्त है।

उक्त के सबंध में अनुरोध है कि राज्य निर्वाचन आयोग, के कार्यालय ज्ञाप संख्या–423/रा0नि0आ0–1/1340/2012 दिनांक 23.09.2021 के अनुपालन में मेरे द्वारा वरिष्ठ सहायक, के पद पर अपने पटल के साथ ही प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी के सम्पूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया जा रहा है। वर्तमान में मेरा परिवार मेरे साथ पिथौरागढ में निवासरत है तथा दो बच्चे राजकीय महाविद्यालय पिथौरागढ में अध्ययनरत है। मेरे द्वारा पूर्व में 03 वर्ष सुगम में एवं वर्तमान में 10 वर्षो से दुर्गम में सेवा की रही है तथा वर्ष–2001 से मेरे गृह जनपद चम्पावत से बाहर सेवा की गयी है 30 जून 2031 को अधिवर्षता आयु पूर्ण होने पर सेवा निवृत्त होना है। उच्च रक्तचाप से पीडित होने के कारण नियमित उपचार चल रहा है मेरे द्वारा दिनांक 17.10.2025 को भी <u>पदोन्नति/स्थानान्तरण</u> के सबंध में अनुरोध पत्र महोदय की सेवा में प्रेषित किया गया हैं(छाया प्रति संलग्न)

अतः सादर निवेदन है कि वार्षिक स्थान्तरण/पदोन्नति की दशा में मेरी पदोन्नति सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, पंचास्थानि चुनावालय पिथौरागढ/चम्पावत में रिक्त पद पर करने की कृपा करेगे, जिससे कि मै अपनी सेवा के साथ ही अपने बच्चों की देख–रेख कर सकूॅ, जिसके लिए मै व मेरा परिवार महोदय का सदैव आभारी रहेगा।

भवदीय,
30/04/26
(दिनेश चन्द्र उप्रेती)
वरिष्ठ सहायक,
पंचास्थानि चुनावालय पिथौरागढ़।

प्रभारी अधिकारी
पंचास्थानि चुनावालय
सहा० जिला निर्वाचन अधिकारी, पिथौरागढ

10

AC

सचिव
राज्य निर्वाचन आयोग,
उत्तराखण्ड

प्रेषक,

मुख्य विकास अधिकारी/
प्रभारी अधिकारी, पं0
चमोली।

सेवा में,

सचिव,
राज्य निर्वाचन आयोग,
उत्तराखण्ड–देहरादून।

संख्याः 59 /21–स्थानान्तरण/प0नि0 दिनांकःतद्दिनांकित हस्ताक्षरित।

**विषयः–** **श्री एच.एस. भण्डारी प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, पंचास्थानि चुनावालय चमोली के प्रार्थना पत्र का प्रेषण।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक श्री एच.एस. भण्डारी प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, पंचास्थानि चुनावालय चमोली का प्रार्थना पत्र दिनांक 12 मई, 2026 जिसमें इनके द्वारा निवेदन किया गया है कि अपनी पत्नी का स्वास्थ्य सही नहीं होने व स्वास्थ्य के उपचार हेतु अपना स्थानान्तरण दुर्गम जनपद चमोली से पंचास्थानि चुनावालय देहरादून में किये जाने का अनुरोध किया गया है, को मूल में संलग्न कर संस्तुति सहित प्रेषित है।

संलग्न–यथोपरि।

Digitally signed by
ABHISHEK TRIPATHI
Date: 12-05-2026
14:08:59

भवदीय,

(डॉ0 अभिषेक त्रिपाठी) पी.सी.एस.
मुख्य विकास अधिकारी/
प्रभारी अधिकारी, पं0
चमोली।

अनु-1

13.05.2026
(राज कुमार वर्मा)
सहायक आयुक्त
राज्य निर्वाचन आयोग
उत्तराखण्ड

सेवा में,

सचिव,
राज्य निर्वाचन आयोग,
उत्तराखण्ड–देहरादून।

द्वारा– सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, पंचास्थानि चुनावालय चमोली।

महोदय,

निवेदन करना है कि प्रार्थी का वर्ष–2025 में दुर्गम पर्वतीय जनपद चमोली में स्थानान्तरण किया गया है निवेदन करना है कि मेरी पत्नी का स्वास्थ्य खराब होने(अस्थमा एवं गठिया रोग) के फलस्वरूप प्रार्थी को अचानक घर जाना पड़ता है । जनपद चमोली में पर्याप्त परिवहन सुविधा न होने एवं जनपद से मेरे घर की दूरी अत्यधिक होने के फलस्वरूप प्रार्थी अत्यन्त कठिनाई का सामना करना पड़ता है इसके अतिरिक्त जनपद में स्वास्थ्य संबंधी सुविधा भी पर्याप्त न होने के फलस्वरूप प्रार्थी को अपनी पत्नी का इलाज जनपद ऊधम सिह नगर में कराना पड़ रहा है जिससे मुझे अत्यन्त मानसिक एवं आंर्थिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है।

महोदय उपरोक्त दुर्गम क्षेत्रों में स्वास्थ्य उपचार संबंधी कठिनाईयों व परेशानियों के दृष्टिगत मेरा महोदय से विनम्र निवेदन है कि मेरा स्थानान्तरण जनपद– चम्पावत,बागेश्वर अथवा पिथोरागढ़ जनपद में करने हेतु विचार करने का कष्ट करें। यह भी उल्लेखनीय है कि उक्त समस्त जनपद दुर्गम श्रेणी में चिन्हित हैं।

अतः महोदय से विनम्र निवेदन है कि उपरोक्त के दृष्टिगत मेरे प्रार्थना पत्र पर कृपया सहानुभूति पूर्वक विचार करने की महती कृपा कीजिएगा। जिसके लिये मैं और मेरा परिवार मा0 आयोग का आजीवन आभारी रहेगा।

दिनांक–13 मई, 2026

भवदीय,

संजय कुमार
बरिष्ठ सहायक
पंचास्थानि चुनावालय
चमोली।

Scanned with OKEN Scanner

# प्रारूप

उत्तराखण्ड लोक सेवकों के लिये वार्षिक स्थानान्तरण अधिनियम–2017 क्रियान्वयन हेतु पंचास्थानि चुनावालय में तैनात श्री अनिल कुमार पाल ,व0सहायक का विवरण एवं अधिनियम के अन्तर्गत अनिवार्य स्थानान्तरण/अनुरोध पर स्थानान्तरण के संबंध में विवरण।

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | कार्मिका का नाम व पद नाम | जन्म तिथि | गृह जनपद | जनपद में तैनाती की तिथि | स्थानान्तरण हेतु इच्छित 10 विकल्प | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 | 08 | 09 | 10 |
| 01 | उत्तरकाशी | श्री अनिल कुमार पाल व0सहायक | 10.03.1976 | हरिद्वार | 27.09. 2024 | देहरादून | हरिद्वार | — | — | — | — | — | — | — | — |

नोट– महोदय निवेदन पूर्वक अवगत कराना है कि प्रार्थी की माता जी का हार्ट अटेक होने के कारण स्वास्थ्य खराब रहता है जिस कारण बार–बार डॉक्टर को दिखाने के लिए जाना पडता है, महोदय प्रार्थी की दयनीय स्थिति को देखते हुये उपरोक्त विकल्प के अनुसार स्थानान्तरण हेतु सहानिभुतिपूर्वक विचार करने का कष्ट करे। महोदय की अतिकृपा होगी।

(अनिल कुमार पाल)
व0सहायक
पंचास्थानि चुनावालय
उत्तरकाशी।

13

# प्रारूप

उत्तराखण्ड लोक सेवकों के लिये वार्षिक स्थानान्तरण अधिनियम–2017 क्रियान्वयन हेतु पंचास्थानि चुनावालय में तैनात श्री बिजेन्द्र सिंह कैन्तुरा,व0सहायक का विवरण एवं अधिनियम के अन्तर्गत अनिवार्य स्थानान्तरण /अनुरोध पर स्थानान्तरण के संबंध में विवरण।

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | कार्मिका का नाम व पद नाम | जन्म तिथि | गृह जनपद | जनपद में तैनाती की तिथि | स्थानान्तरण हेतु इच्छित 10 विकल्प | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 | 08 | 09 | 10 |
| 01 | उत्तरकाशी | श्री बिजेन्द्र सिंह कैन्तरा व0सहायक | 06.07.1974 | टिहरी गढ़वाल | 19.6.2025 | देहरादून | हरिद्वार | — | — | — | — | — | — | — | — |

नोटः– मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी(पंचास्थानि),महोदय,उत्तरकाशी के पत्र संख्या–684 दिनांक 28.8.2025,एवं पत्र संख्या–766 दिनांक 14.10.2025 के द्वारा स्थानान्तरण हेतु प्रत्यावेदन भेजा चुका है तथा राज्य निर्वाचन आयोग के पत्र संख्या–3652 दिनांक 05 फरवरी,2026 के द्वारा मुझे निर्देशित किया गया है कि अपना स्वास्थय परीक्षण सक्षम अधिकारी से करवाकर आयोग को प्रेषित करें। आयोग उक्त पत्र के क्रम में महानिदेशक राज्य चिकित्सा परिषद,उत्तराखण्ड द्वारा गठित समिति से परीक्षण करवाकर स्वास्थय परीक्षण प्रमाण–पत्र दिनांक 21.04.2026 को रजिस्ट्रर्ड डाक द्वारा राज्य निर्वाचन आयोग को मेरे द्वारा प्रेषित किया चुका है।

दिनांक – 24/04/26

(बिजेन्द्र सिंह कैन्तुरा)
व0सहायक
पंचास्थानि चुनावालय
उत्तरकाशी

सेवा में,

सचिव,
राज्य निर्वाचन आयोग,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

द्वारा – प्र0सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी,
पंचास्थानि चुनावालय, पिथौरागढ़।

विषय– लोक सेवकों के लिए वार्षिक स्थानान्तरण अधिनियम–2017 के अन्तर्गत स्थानान्तरण के संबध में अनुरोध पत्र का प्रेषण।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तराखण्ड, देहरादून के पत्रांक–74/रा0नि0आ0–1/2408/2018 दिनांक 23 अप्रैल, 2026 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करेंगे, जिसके द्वारा लोक सेवकों के लिये वार्षिक स्थानान्तरण अधिनियम–2017 के नियम–12 व 13 मे उल्लिखित प्राविधानानुसार अनिवार्य स्थानान्तरण एवं अनुरोध के आधार पर स्थानान्तरण हेतु 10 विकल्प एवं अनुरोध के आधार पर स्थानान्तरण हेतु आवेदन–पत्र प्रस्तुत किये जाने के निर्देश निर्गत किये गये है।

उक्त के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि प्रार्थी एक विकंलाग कर्मचारी है, **वार्षिक स्थानान्तरण के अन्तर्गत आयोग द्वारा निर्गत आदेश के अनुपालन में पंचास्थानि चुनावालय, चम्पावत में वरिष्ठ सहायक/प्र0सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी के पद से दिनांक 28 जून, 2025 को पंचास्थानि चुनावालय, पिथौरागढ़ में वरिष्ठ सहायक के पद पर योगदान दिया गया। अतिथि तक** प्रार्थी का स्थानान्तरण हुए एक वर्ष की अवधि भी पूर्ण नहीं हुई है। महोदय अनुरोध है कि उक्त को दृष्टिगत् रखते हुए मेरा स्थानान्तरण/पदोन्नति गृह जनपद के सबसे नजदीकी जनपद में करने का कष्ट करेंगे जिससे प्रार्थी अपना एवं अपने वृद्व माता–पिता एवं अध्यनरत् बच्चों की देखभाल ठीव प्रकार से कर सकें। जिस हेतु प्रार्थी एवं प्रार्थी का समस्त परिवार आपका आजन्म आभारी रहेगा।

संलग्न– प्रार्थी का विकलांग प्रमाण–पत्र।

हस्ताक्षर –

अधिकारी/कर्मचारी का नाम–संजीव प्रकाश सिह रावत
पदनाम–वरिष्ठ सहायक।
विभाग–पंचास्थानि चुनावालय, पिथौरागढ़।